卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 145 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦4 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## वोट के बदले नोट लेने पर सांसद विधायकों पर भी चलेगा मुकदमा

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 26 साल पुराना फैसला,सात जजों के बैंच ने फैसला सुनाया**

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बेंच ने 26 साल पुराने अपने पिछले फैसले को पलट दिया है। सीजेआई ने सांसदों को राहत देने पर असहमति जाहिर की है। सात जजों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया है। अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 105 का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी को घूसखोरी की कोई छूट नहीं है। रिश्वत लेकर वोट देने पर अभियोजन को छूट नहीं दी जाएगी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, हम पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले से असहमत हैं। वहीं, कोर्ट के पिछले फैसले को खारिज किया जा रहा है। 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले' में पिछले 25 साल यानी 1998 में सदन में 'वोट के बदले नोट' मामले में सांसदों को मुकदमे से छूट की बात कही थी। बहुमत के फैसले में पांच जजों की पीठ (शेष पृष्ठ सात पर)



## कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

**उत्तराखंड लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक पर सहमति**

देहरादून (उद संवाददाता)। मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद उत्तराखंड लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली एक्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इस एक्ट के बनने से दंगाईयों व प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर सख्त कार्रवाई और वसूली का प्रावधान किया जा रहा है। दंगे या आंदोलन में अगर नुकसान किया गया तो संबंधित पर कार्रवाई होगी। अध्यादेश लागू होने के लिए राजभवन भेजा जाएगा। बैठक में ट्री प्रोटेक्शन एक्ट 1976 में संशोधन प्रस्ताव लाया गया। एक्ट में संशोधन से निजी भूमि पर उगे पेड़ों की कई प्रजातियों को वन अधिनियम से बाहर किया जाएगा। जिससे निजी भूमि पर पेड़ कटान के लिए वन विभाग से अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी। कैबिनेट में शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी एवं आवास से संबंधित सेवा नियमावली व अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अलावा बैठक में तय किया गया कि एनआइटी सुमाड़ी के प्रथम चरण के निर्माण के लिए 5.335 एकड़ भूमि तकनीकी विभाग एनआईटी को देगा। उत्तराखंड (शेष पृष्ठ सात पर)



## साइबर ठगी के गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**ऑन लाईन ट्रेडिंग का झांसा देकर देश भर में की जा रही थी ठगी**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड एसटीएफ के साईबर थाना कुमाऊँ परिक्षेत्र पुलिस ने साईबर धोखाधड़ी के सरगना को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सरगना गिरोह बनाकर सोशल मीडिया साईट्स में विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाईन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच लोगों के साथ धोखाधड़ी करा था। पकड़े गये शातिर ठग से संदिग्ध 1 करोड़ की धनराशि के लेन देन की जानकारी सामने आयी है। उसके पास से 3 मोबाइल फोन,1लैपटॉप, 7 चेकबुक, 7 डेबिट कार्ड, विभिन्न सिम कार्ड, फर्जी मुहरें आदि बरामद की गयी है। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक प्रकरण में जनपद अल्मोड़ा में शिक्षा विभाग में नियुक्त पीड़ित द्वारा माह फरवरी 2024 में रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने फेसबुक में एक ट्रैडिंग बिजनेस का मैसेज देखा जिसके लिंक पर क्लिक करने पर उनका सम्पर्क एक विदेशी वाट्सअप नम्बर से हुआ । इस नम्बर पर चैटिंग करने पर उन्होने एक वाट्सअप ग्रुप में जुडने के लिए कहा और एक एप्लिकेशन डाउनलोड़ कर इन्वेस्ट करने के लिए कहा। इस एप्लिकेशन में ट्रेडिंग करने के लिये उनके द्वारा वाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराये गये विभिन्न बैंक खातो में लगभग 30 (शेष पृष्ठ सात पर)



## एक करोड़ ठगी करके पार्टनर परिवार सहित फरार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में एक करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्टनरों के साथ एक करोड़ की धोखाधड़ी करके पिता पुत्र परिवार सहित फरार हो गये। मामले में पार्टनरों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में गावा चौक स्थित मैसर्स आरबी ओवर सीज के पार्टनर आदित्य भनोट और बख्शीश सिंह ने कहा कि उनकी फर्म में तीसरे पार्टनर अंश मलिक और उनके पिता राजेश निवासी के. के. हॉस्पिटल, ग्रीन पार्क, ए–12 ने उनसे वीजा फाईलिंग के व्यवसाय के लिए एक करोड़ रूपये लिए थे। जिनमें से साठ लाख बैंक से उनके खाते में ट्रांसफर किये गये और 40 लाख रूपये नगद दिये गये। अब उक्त पिता पुत्र परिवार सहित अपने घर से फरार हो गये हैं। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं लग पा रहा है। उन्होंने अपने समस्त मोबाइल नम्बर भी बन्द कर दिये हैं। तहरीर में कहा गया है कि उक्त ठगी में राजेश कुमार के दिल्ली में रह रहे पुत्र और पुत्री भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नजूल पर मालिकाना हक के लिये 4000 फाईले पूर्ण,पहले चरण में 2500 लोगों को मिलेगा पट्टा

**मुख्यमंत्री धामी 6 मार्च को वितरित करेंगे पट्टे, डीएम, एसएसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नजूल भूमि पर बसे गरीब लोगों को मालिकाना हक दिये जाने की योजना अब धरातल पर साकार होने जा रही है। जिलाधिकारी उदय राज सिंह की इच्छाशक्ति के चलते लगभग 4000 फाईलों को पूर्ण किया जा चुका है और उसमें से प्रथम चरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 6 मार्च को गांधी पार्क में लगभग 2500 लोगों को पट्टा वितरित करने भी आ रहे है। इसी को लेकर डीएम उदयराज सिंह और एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कार्यक्रम स्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया का जायजा भी लिया। आपको बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नजूल भूमि पर बसे लोगों को 50वर्ग (शेष पृष्ठ सात पर)



## तलाकशुदा की आबरू से हाफिज ने किया खिलवाड़

**दो जेठ भी रखते थे गंदी नजर,कानून नहीं कस पा रहा है शिकंजा**

काशीपुर। पति से संबंध विच्छेद होने के बाद अपने तीन बच्चों का भरण पोषण कर रही तलाकशुदा महिला पर एक हाफिज की गंदी नजर पड़ गई। बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते पढ़ाते हाफिज ने महिला को शीशे में उतारकर आबरू से खिलवाड़ शुरू कर दिया। लोगों को जब इसका पता चला तो भारी दबाव के बीच हाफिज को तलाकशुदा महिला से कथित तौर पर शादी करना पड़ा जबकि वह पहले से ही तीन बच्चों का बाप है और स्थानीय एक मस्जिद में इमामत करता है। महिला का आरोप है कि ससुराल में पति के साथ कुछ दिन ठीक बीते इसके बाद उसके साथ दुर्व्यवहार ही नहीं शुरू हुआ बल्कि पति के दो बड़े भाइयों ने भी उसे पर गलत निगाह डालनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर 23 मोहल्ला अल्ली खां निवासी विधवा महिला ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। वैचारिक मतभेद के कारण (शेष पृष्ठ सात पर)

### सीएम पोर्टल पर भी दर्ज है शिकायत

काशीपुर। तलाकशुदा महिला की अस्मत से खिलवाड़ किए जाने का हैरतअंगेज मामला बांसफोड़ान चौकी पुलिस के संज्ञान में है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। उधर दूसरी ओर पीड़िता ने न्याय की खातिर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है लेकिन लगभग 10 दिन भी जाने के बाद भी उसके पक्ष में कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति पर केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पंतनगर थाने में दी तहरीर में रामल पुत्र लाखन राम निवासी ग्राम गंगोसी थाना विन्सी जिला बदांयू ने कहा कि उन्होंने अपनी पुत्री 20 वर्षीय पूजा की शादी 10 फरवरी 2023 को हिन्दू रीति–रिवाज के साथ धूमधाम से अरूण पुत्र जालिम सिंह निवासी खुर्पिया फार्म, थाना किच्छा, हाल (शेष पृष्ठ सात पर)

**रस्म पगड़ी**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्य माताजी **श्रीमती रामप्यारी चाँदना ( पत्नी स्व.किशन चन्द चांदना )** का स्वर्गवास दिनांक 2 मार्च को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 5 मार्च 2024 दिन मंगलवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर )** रुद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

**सुनील चाँदना ( पुत्र ) एवं समस्त चाँदना परिवार**

फर्म- शिवांगी फर्नीचर,चांदना स्वीट्स रुद्रपुर,मो. 9719200007]6398619005

## पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस और पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च रम्पुरा, इंदिरा चौक,सीर गोटिया,भूतबंगला, दूधिया नगर, खेड़ा कालोनी,किच्छा बाई पास रोड होते हुए कोतवाली पहुंचा। फ्लैग मार्च में एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसएसआई केसी आर्या, एसओ ट्रांजिट कैम्प भरत सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी थे। **किच्छा–** यहां कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा एवं आइटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार, आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुंदर के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल एवं उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में 36 आई टी बी पी की बटालियन ने स्थानीय कोतवाली से फ्लैग मार्च किया जो शहर के हल्द्वानी रोड होते हुए नई टंकी के नजदीक स्थित आबादी से होते हुए बड़ी मस्जिद पहुंचा। जहां से फ्लैग मार्च मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से होते हुए नैनीताल वाली गली में (शेष पृष्ठ सात पर)





# खेतों में की खड़ी फसलें हुई खराब

## बेमौसमी बारिश से गेहूं,सरसों की फसलों को पहुंचा भारी नुकसान, किसान मायूस



रूद्रपुर/शक्तिफार्म। तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश से मौसम का मिजाज भी बदल गया। लोग घरों में कैद हो गए। बाजारों में सन्नाटा पसार रहा। बारिश के कारण किसानों को सरसों गेंहू व गन्ने की फसल का काफी नुकसान हुआ है। इससे किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण गेहूं व सरसों की फसले जमीन में बिछ गई है। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई दे रही है। बीती रात भी बेमौसमी बरसात के साथ तेज हवाएं चली जिससे गेहूं और सरसों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। क्योंकि फसलें तैयार होने को है। बारिश से गेहूं, चना, मटर, आलू की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ। जिसका असर फसल उत्पादन पर पड़ना तय माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि यही हाल रहा तो फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। बीती रात में हुई बरसात व तेज ठंडी हवाएं चलने से किसानों की गेहूं व सरसों की फसलें जमीन पर चटाई की तरह बिछ गई। जिससे किसानों को काफी नुकसान होने का अनुमान है। खेतों में पानी भरने से आलू, मटर के सडनें की भी संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है,कि अगर मौसम का यही हाल रहा तो फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जायेगी। बारिश से जहाँ एक बार फिर ठंड लौट आयी,वहीं तापमान में भी गिरावट आयी है। खासकर गेहूं की फसल को बारिश और हवा ने जमीन पर लिटा दिया है,जिससे किसानो को काफी नुकसान होना तय माना जा रहा है। लेकिन फसल तैयार होने के कारण गेहूं की बालियों से बना भार तथा एक-दो दिन पूर्व भी गेहूं की फसल की सिंचाई करने वाले किसानों को बारिश ने अच्छा खासा नुकसान पहुंचाते हुए उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। फिलहाल अचानक हुई बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी है। बे मौसम बारिश गिरने से किसानो की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसानो के अरमानों पर पानी फिर गया है। छोटे छोटे किसान तो अपनी फसलों को देख कर रोने को मजबूर हैं। किसानों की फसल चौपट होने से उनके तमाम काम रुक गए क्योंकि उन्हें उम्मीद थी फसल से मिले अनाज को बेच कर अपनी बेटी के हाथ पीले करेंगे और बैंक का लोन निपटाएंगे। किसान मायूस हो चुके है। बंगाली महासभा नगर अध्यक्ष विश्वजीत हालदार ने किसानों की चौपट हुई फसल पर दुख जताया और कहा की संबंधित विभाग को सर्वे कराकर उचित मुआवजा देना चाहिए और ऋण वसूली को तुरंत रोक देना चाहिए।बदला मौसम अब किसानों को प्रभावित करने लगा है। दो दिनों से हवा के साथ रुक-रुक कर हो रही बारिश फसल पर आफत बनकर टूट रही है। खेतों में बारिश का पानी जमा होने से हवा के साथ गेहूं की फसल खेत में गिर जा रही है। इससे गेहूं का उत्पादन तो प्रभावित होगा ही, पछेती सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बारिश के बीच हवा के कारण फसलों के गिरने से किसानों के पेशानी पर बल ला दिया है। जिले में लगभग 1.08 लाख हेक्टेयर में गेहूं की फसल तो 3800 हेक्टेयर में सरसों की खेती की गई है। इस समय अगेती गेहूं की फसल में बालियां फूट गई हैं तो पछेती फसल में बालियां फूटकर निकलने वाली हैं। अंत समय में खेतों में नमी बनाए रखने के लिए किसान परेशान थे। इसी बीच बदले मौसम से शनिवार की अलसुबह से बारिश शुरू हुई जो रह-रहकर रविवार को भी होती रही। हवा के साथ हो रही बारिश अब फसलों को नुकसान पहुंचाने लगी है। खेतों में नमी होने व पानी लगने के बीच हवा चलने से गेहूं की फसल खेत में ही लोट जा रही है। अभी भी एक-दो दिन मौसम के खुलने का आसार नहीं जताया जा रहा है। बालियां फूटने से गेहूं का ऊपरी हिस्सा भारी होकर जमीन पर गिर जा रहा है। इससे उत्पादन में 50 फीसदी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। उधर पककर खेतों में तैयार खड़ी सरसों की फसल भी मझधार में फंस गई है। अब किसानों के समक्ष बड़ी दुविधा आ पड़ी है। अगर मौसम खुलता है तो जल्द ही सरसो को काटकर उसकी मंड़ाई करना किसानों के लिए चुनौती होगा। पंतनगर विवि फार्म, शांतिपुरी, बिगवाड़ा सहित विभिन्न जगहों पर गेहूं और सरसों की फसलें प्रभावित हुई हैं। किसान विक्रमजीत सिंह ने बताया कि बारिश के बीच चली तेज हवाओं से अगेती गेहूं और सरसों की फसल खेतों में ही गिर गई। इससे बड़े पैमाने पर उत्पादन में नुकसान होगा। मुख्य कृषि अधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में कहीं से नुकसान की सूचना नहीं है। हवा के साथ तेज बारिश ने किसानों के माथे पर बल ला दिया है। रविवार को हुई 38.3 मिमी. बारिश से पकने को तैयार गेहूं और सरसों की फसलें खेत में ही गिर ही गईं। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ और निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि आज की बारिश में गेहूं व सरसों की अधिकतर फसल गिर गई है। साथ ही यह बारिश सब्जी फसलों के लिए भी बहुत नुकसानदेह साबित होगी। जहां-जहां ओले गिरे हैं वहां तो फसलों को और भी अधिक नुकसान होगा। गेहूं में इस समय बाली बनने की प्रक्रिया चल रही है और दाने अपरिपक्व अवस्था में हैं। बाली में पानी रुकने से फंगस लगने का खतरा बना रहेगा। वहीं पकने की अवस्था में पहुंच चुकी सरसों की फलियां झड़ने की संभावना अधिक है। इसके साथ ही सब्जी वर्गीय फसलों को भी किसी हद तक नुकसान पहुंचने की आशंका है। आम और लीची आदि के पेड़ों पर अभी बौर आने नहीं शुरू हुए हैं, इसलिए फलों के पेड़ों को विशेष नुकसान नहीं होगा।

## दो सांडों की भिड़ंत से मची अफरा तफरी

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।शहर में खुलेआम घूम रहे सांड कब दहशत फैला दें कोई नहीं जानता। आवार सांड हादसों को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों पर हमला भी बोल देते हैं। सोमवार को शहर के वार्ड नंबर 25 में स्थित आन्नद बिहार कालोनी में दो सांड भिड़ गए। आबादी क्षेत्र सांडों के बीच करीब एक घंटे तक जमकर शह मात का खेल चला। सांडों के बीच चल रही लड़ाई की खबर से बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों सांडों को अलग-अलग किया। सांडों की लड़ाई के दौरान कालौनी के लोगों में खलबली मची रही। कालौनी के अवधेश सिंह चौहान ने बताया कि सांड कालौनी में घूमते रहते हैं। इनमें लड़ाई भी आये दिन होती रहती है। जिससे लोगों में असुरक्षा का भाव बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन को आवारा सांडों को पकड़ना चाहिए। इस मामले वह शीघ्र ही नगर निगम में प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग करेंगे। मोहल्ले के भीम सिंह पयाल, ममता रानी, पंकज कुमार समेत अन्य लोगों ने भी आबारा सांडों पर चिंता जताई।




## पुलिस ने 12 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसओजी एएनटीएफ व दन्या पुलिस की संयुक्त टीम ने 12 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसओजी प्रभारी सुनील धानिक,एएनटीएफ प्रभारी सौरभ कुमार भारती व थानाध्यक्ष दन्या के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने चेंकिग के दौरान धौलादेवी ब्लॉक के पास त्रिलोक सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी ग्राम काफली दन्या के कब्जे से 12 पेटी अवैध अंग्रेजी देशी शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना दन्या में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।बरामद शराब की कीमत 75,000रुपये आंकी गयी है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर सिंह खाती, हेड कांस्टेबल गोपाल गिरी, कांस्टैबल राजेश भट्ट, राकेश भट्ट आदि शामिल थे।



## भीमताल से लेकर मुक्तेश्वर तक हुई भारी ओलावृष्टि

हल्द्वानी। नैनीताल में रविवार सुबह से शाम तक बारिश होते रही। हालांकि दिन में एक बार हल्की धूप खिली लेकिन फिर मौसम खराब हो गया। पूरे दिन मौसम खराब होने से नैनीताल में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। झील नियंत्रक कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह का कहना है कि नैनीताल में बीते 24 घंटे में 17.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। भीमताल/भवाली। पर्वतीय क्षेत्रों में रविवार दोपहर आधे घंटे तक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से भीमताल, अलचौना, थूम, ताड़ा, जंगलियागांव, भवाली, धानाचूली, अमिया, धारी, मुक्तेश्वर, रामगढ़, गरमपानी, बेतालघाट, पहाड़पानी क्षेत्र में 200 नाली से अधिक भूमि में आलू, मटर, गेहूं, जौ, सरसों, प्याज की फसल को नुकसान पहुंचा है। अलचौना के थूम गांव के किसान गोपाल तिवारी, उमेश तिवारी, प्रमोद तिवारी और तांडा गांव के किसान आनंदमणि भट्ट ने बताया कि ओलावृष्टि से खेतों में लगी मटर, आलू समेत अन्य फसलें बर्बाद होने से भारी नुकसान पहुंचा है। मटर को 60 फीसदी से ज्यादा नुकसान पहुंचा है। अमिया के प्रेम सिंह मेहरा, जंगलियागांव के जिपं सदस्य अनिल चनौतिया, प्रधान राधा कुल्याल और भीमताल ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट ने कहा कि ओलों ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने को कहा है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव ने बताया कि ओलावृष्टि से जिन क्षेत्रों में नुकसान हुआ है, वहां सर्वे किया जाएगा। ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मानकों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। बारिश के दौरान तल्लीताल निर्वाचन कार्यालय के स्टाफ क्वाटर के पीछे सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। बताते हैं कि दीवार टूटने से नवीन चंद्र जोशी व धनवती देवी के घर की छत पर मलबा गिरा है। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई।



नारी को 'शक्ति' यूं ही नहीं कहते। इन ग्रामीण महिलाओं को ही देखिए, अक्सर इस रास्ते से गुजरकर जंगल तक पहुंचती हैं। वहां घंटों दांतली से घास काटती हैं, फिर घास सिर पर उठाकर उसी रास्ते से गुजरकर घर लौटती हैं। हरे चारे के रूप में कुछ पैसों की बचत कर घर ले जाती हैं। यही कोमल हरा चारा वह स्नेह भी है जिससे ये मवेशियों का संतान की तरह पोषण करती हैं। **-फोटो एवं विवरण-दीपक शर्मा**

## आंगनबाड़ी वर्करों का आंदोलन जारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्करों का धरना प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान सभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने माह जनवरी से न्यूनतम वेतनमान 18 हजार करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रिटायरमेंट पर दो लाख रूपये देने, गोल्डन कार्ड जारी किये जाने, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों का उच्चीकरण करने की पुरजोर मांग की। कार्यकत्रियों ने कहा कि मांगें पूर्ण नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान उर्मिला मिश्रा, हंसा लोहनी, नीरू बाला, सीता रानी, मीरा बोस, बबली विश्वास, खुशबू, संगीता, कमलेश, तुलसी, राजकुमारी, सुनीता, सुमन, पुष्पा मण्डल, दीपा उप्रेमती, रंजू, नीलम, रूकमणि, प्रीतिपाल, आशा, मालती, सरिका, सविता, अनीता, रूचि घई, पूनम, सरोज, शकुंतला, शिल्पा, मीरा कुमारी, शिव कुमारी, विमला, बसंती, जया रजवार, वीना, अलका, राधा डोगरा, शीला सागर, रीता सिंह, अनारकली, सोमा, सीमा राय, सरिता देवी, विपाशा, चरण कौर, हेमलता, मेहरू निशा, प्रोनोति विश्वाास, सीमा सरकार, कुसुम, गीता वैद्य, पूनम मिस्त्री, डिंपल, अनीता, कनिका, कमलजीत कौर, अनीता रानी आदि समेत तमाम कार्यकत्रियां मौजूद थी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# बारिश के बाद रामनगर की पेयजल आपूर्ति ठप

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार और रविवार को लगातार हुई बारिश के बाद शहर और आस पास के इलाकों में आम जनजीवन पूरी तरह ठहर गया । लगातार बारिश के बाद रामनगर नगर की पेयजल आपूर्ति भी सोमवार को पूरी तरह ठप हो गई। बारिश के कारण उत्तराखंड जल संस्थान के पेयजल प्लांट को भी काफी नुकसान हुआ है जिस कारण सोमवार को रामनगर शहर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मामले में जानकारी देते हुए उत्तराखंड जल संस्थान के जेई गौरव आर्य ने बताया कि लगातार 2 दिन बारिश के बाद विभाग का बलदिया पड़ाव स्थित पेयजल ट्रीटमेंट प्लांट में इसका काफी असर पड़ा है उन्होंने बताया कि जल संस्थान द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए प्लांट के समीप बहने वाली कोसी नदी में अस्थाई तौर पर एक मिट्टी का बांध बनाया गया था जो बारिश के कारण नदी में बह गया जिस कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का जलस्तर कम होने के कारण नगर में आज पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि जेसीबी मशीन के माध्यम से नदी में बहे इस अस्थाई बांध को फिर से बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विभाग की दूसरी पेयजल योजना बांगाझाला में भी पेयजल लाइन के अंदर मलवा आने से यह लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है उन्होंने बताया कि इस लाइन में भी कर्मचारी द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है साथ उन्होंने यह भी बताया कि विभाग का प्रयास है कि आज शाम तक पेयजल आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चन्द्र छाबड़ा समेत तमाम अधिवक्ताओं ने सांसद रिश्वत कांड मामले में सांसदों विधायकों के बाबत 1998 में दिए गए फैसले को पलटने का स्वागत किया है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला ऐतिहासिक है। संसद और विधानसभाओं को भ्रष्टचार से दूषित करने वाले किसी भी छूट के हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की संसद का दुनिया की सबसे सम्मानित संसद है जिसे भ्रष्टचार से दूषित करने वालों को कम से कम उम्र कैद की सजा होनी चाहिए। कुछ माननीयों ने भारत के लोकतंत्र का समय समय पर कई बार मजाक उड़ाया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल चिलाना एडवोकेट ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की दुनिया भर एक खास छवि है जिसे बरकरार रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज का फैसला देश को नई दिशा देगा और जनप्रतिनिधियों को नियंत्रित करेगा तथा लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा युवा अधिवक्ता कुमारी सुरभि आहूजा ने कहा भ्रष्टाचार लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है जिससे निबटने के लिए आज का फैसला लोकतंत्र को मजबूत करेगा । बैठक में अधिवक्ता सोमिल घीक, शुभम गगनेजा, होमी कुरैशी, गौरव बिष्ट, सूरज कुमार, रवि अरोड़ा, संजीव फौगाट, गुरुबाज सिंह नारंग, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र नरूला, एस. पी.सिंह, मनोहर सिंह, जुगलबल्लभ गोस्वामी, बार के पूर्व सचिव पीयूष पन्त, के डी मिश्रा, सिद्धनाथ मिश्रा, सर्वजीत सिंह, दीपक अरोरा,राजेश ग्रोवर तथा अभिनव छाबड़ा समेत तमाम अधिवक्तागण मौजूद थे ।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किन्सन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

खटीमा (उद संवाददाता)। ब्लाक सभगार में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष महाविद्यालय एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, भाजपा नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सतीश भट्ट एवं संचालन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुमित बहादुर पाल एवं निखिल पांडे ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति सम्मान समारोह में चुने जाने वाले छात्रों को आयोजक मंडल द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विदित है कि मुख्यमंत्री द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में सहायता राशि प्रदान की जाती है, ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक उपाध्यक्ष शुभम पटवा महाचहिव अर्पित कॉलोनी एवं उपसचिव कशिश राणा ने कहा मुख्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसी क्रम में खटीमा महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को आयोजित मंडल द्वारा प्रतिक्षण देकर उनका उत्साह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, राहुल सक्सेना, कमल चौहान सहित तमाम लोग मौजूद थे।



# हल्द्वानी में किताब कौतिक 16 एवं 17 मार्च को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 16 और 17 मार्च को एच. एन. इंटर कॉलेज में होने जा रहे 'हल्द्वानी किताब कौतिक' में देशभर से लेखक, रंगकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। दो दिन के इस कार्यक्रम की थीम 'आओ, दोस्ती करें किताबों से' रखी गई है। कार्यक्रम के संयोजक हेम पंत और दयाल पांडे ने बताया कि इन दो दिनों में बिक्री और प्रदर्शनी के लिए विभिन्न विषयों की लगभग 70 हजार किताबें उपलब्ध साहित्य रहेंगी। साथ ही साहित्य, शिक्षा, संस्कृति और खेल आदि विषयों पर एक दर्जन से अधिक वार्ताएं रखी गई हैं। स्कूली बच्चों के लिए विशेषज्ञों द्वारा चित्रकला, रंगमंच, विज्ञान और शतरंज की चार विस्तृत वर्कशॉप भी रखी गई हैं। हस्तकला, स्वरोजगार, पहाड़ी उत्पाद और साहसिक पर्यटन से सम्बन्धित स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लेखकों की किताबों को विशेषतौर पर प्रदर्शित किया जाएगा और एक दर्जन से अधिक किताबों का विमोचन भी होगा। स्थानीय कलाकारों और बच्चों द्वारा होली पर आधारित साँस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। 17 मार्च की सुबह स्थानीय लोगों और बाहर से आए अतिथियों के लिए नेचर वॉक-पक्षी अवलोकन का कार्यक्रम होगा। दो दिन के कार्यक्रम का समापन काव्य गोष्ठी के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में एक बड़ी बैठक रखी गई जिसमें शहर के साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बैठक में मंच संचालन, साँस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार प्रसार, आवास - भोजन व्यवस्था, स्टॉल आदि के लिए जिम्मेदारियां निर्धारित की गई। इस बैठक में डॉ. बी. एस. कालाकोटी, डॉ. सतीश पंत, नरेंद्र टोलिया, तनुजा जोशी, डॉ. ललित रखोलिया, त्रिभुवन बिष्ट, दीपक पंत, नरेन्द्र बंगारी, मोहन जोशी, जगमोहन रौतेला, डॉ. अशोक उप्रेती, हिमांशु पाठक, हेमा हरबोला, बीना फुलेरा, ललिता, अमृता, एस डी साहिल जोशी, पुष्पांजलि, मनमोहन जोशी, अनुपम जोशी, नितेश बिष्ट, नवनीत, रिया, हेमा कालाकोटी, दीपक पंत, मोहित आदि उपस्थित रहे।



# मां बेटे के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मां बेटे के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम दोहरी वकील कुंडेश्वरी निवासी किरनजीत कौर ने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष के करीब से उसका पति देवेंद्र सिंह मां मनजीत कौर के कहने पर उसके साथ बुरी तरह मार पिटाई कर उसे घर से निकाल देता है। पंचायत के बाद वह दोबारा ससुराल आ जाती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पूर्व में ऐसा कई बार हो चुका है लेकिन ससुराल वालों के स्वभाव में कोई परिवर्तन नहीं आया। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 10 जनवरी को शराब के नशे में चूर होकर पति ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। घटना की जानकारी मायके वालों को देने पर वह तत्काल मौके पर पहुंच गए। पीड़िता का आरोप है कि उसके परिजनों के सामने ही पति ने एक बार फिर उसके साथ मारपीट करते हुए धक्का देकर उसे घर से बेघर कर दिया और मुंह खोलने की एवज में जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति तथा सास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# फरार वारंटी को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर।लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला पक्काकोट काशीपुर निवासी मनोज पाल पुत्र जगदीश पाल के खिलाफ एक मामले में न्यायालय से वारंटी जारी किए गए थे। इसी के बाद से वह कानून की आंख में धूल झोंक कर फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में बाइक चोरों का आतंक थम नहीं है। चोरों ने आवास विकास क्षेत्र से एक और बाइक पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस को दी तहरीर में आवास विकास निवासी अमरदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह ने बताया कि 2 मार्च को सुबह 9:20 बजे उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एके 9536 को घर के बाहर खड़ा कर किया था। जब लगभग 10 बजे मोटर साईकिल देखी तो मोटर साईकिल गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार
दिनांक 04 मार्च 2024 दिन सोमवार रात्रि 8 बजे से स्थान-
बाबा भक्त अनुज कुमार शर्मा के निवास स्थान मकान नम्बर
एल-13,फेस 2 कस्तूरी वाटिका बगवाड़ा रोड,रुद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर

# विर्क ने की अजय मिश्रा को टिकट देने की निन्दा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संयुक्त किसान मोर्चा राष्ट्रीय संयोजक एवं तराई किसान संगठन के अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर-खीरी में चार किसानों व एक पत्रकार की सामूहिक नृशंस हत्याओं के मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्रा टेनी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा लखीमपुर-खीरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे किसानों से दुश्मनी निकालने वाला कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी भाजपा कितना किसान हितैषी है यह स्पष्ट हो गया है। जहां केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय टैनी के बेटे ने थार से किसानों को कुचला था वहीं भारतीय जनता पार्टी ने टैनी को टिकट देकर देश के करोड़ों किसानों की भावनाओं को कुचलने का काम किया है। विर्क ने अपने बयान में आगे कहा है कि अजय मिश्रा के खिलाफ किसानों की हत्या में धारा 120 बी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज होना चाहिए एसकेएम की प्रमुख मांगों में अजय मिश्रा को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर मुकदमा चलाने और जेल भेजने की मांग भी है और देश भर में किसान आंदोलन कर यह मांग उठा रहे हैं बावजूद इसके भाजपा द्वारा अपनी पहली ही सूची में उन्हें टिकट दिया जाना तथा उन्हें मंत्रिमंडल में बनाए रखना प्रधानमंत्री और उनकी भाजपा के किसान विरोधी होने को दर्शाता है। इसका जवाब ना सिर्फ लखीमपुर- खीरी वरन पूरे उत्तर प्रदेश एवं देश भर के किसान भाजपा को देंगे आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे देश में किसान भाजपा को हराने का काम करेंगे।

# हर्षोल्लास के साथ वसंतोत्सव का हुआ समापन

## विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत, ओएनजीसी ने जीती इस वर्ष की रनिंग ट्राफी

देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन देहरादून में तीन दिन तक चले वसंतोत्सव–2024 का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रविवार को समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का खूब आनंद लिया। वसंतोत्सव– 2024 में इस वर्ष की चल वैजंती (रनिंग ट्राफी) ओएनजीसी को मिली। इस वर्ष ओएनजीसी को 5 श्रेणियों में, आईआईटी रूड़की को 4 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 53 उपश्रेणियों में 153 पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया। वसंतोत्सव–2024 समापन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों के बावजूद इस वर्ष पुष्प प्रदर्शनी में लोगों का उत्साह अभूतपूर्व रहा। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में लोगों ने इस पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर वसंत के इस उत्सव को जन–जन का उत्सव बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में राजभवन के चारों ओर हर्ष व उल्लास का वातावरण था, जिसमें लगभग 3 लाख लोगों ने वसंतोत्सव में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम संकल्प से सिद्धि और फूलों से समृद्धि के मंत्र को साकार करने में सफल हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि पुष्पों से अर्थव्यवस्था में वृद्धि और निश्चित ही समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्टॉलों में महिलाओं की भागीदारी से इस महोत्सव को और भी बेहतर बनाया है। उत्तराखण्ड के पुष्पों ने लोकल से ग्लोबल तक एक अलग पहचान बनायी है। समापन समारोह में राज्यपाल ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों तथा प्रदर्शनी के मुख्य आयोजक उद्यान विभाग, संस्कृति विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस वसंतोत्सव–2024 में लोगों ने रिकॉर्ड भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव प्रकृति से जुड़ने की ओर हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं औद्यानिकी को बढ़ावा देकर किसानों की आय दुगना करने हेतु प्रयासरत हैं। चारधाम यात्रा में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह उत्सव और भी भव्य रूप लेगा। वसंतोत्सव में सायंकालीन सांस्कृति संध्या में संस्कृति विभाग के कलाकारों ने लोकनृत्य और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया।पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक उद्यान दिप्ति सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, निदेशक, संस्कृति बिना भट्ट सहित अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में प्रदर्शनी में आये दर्शक भी उपस्थित थे।





# 12 समाजसेवी महिलाओं को दिया सशक्त नारी सम्मान




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की ओर से अग्रवाल सभा में महिला दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति रिवाड़िया रूबी अचीवर ने राजस्थान हनुमानगढ़ से शिरकत की थी,साथ ही दिल्ली से ब्यूटी आर्टिस्ट जैस्मिन वालिया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर सरस्वती पूजन से की गई जिसमें समिति की सदस्यों द्वारा सरस्वती बंदना की गई। कार्यक्रम में श्रीमती जैस्मिन वालिया ने सभी महिलाओं को बताया कि किस तरीके से नेचुरल चीजों से हम अपना मेकअप कर सकते हैं,अपना फेशियल कर सकते हैं, और हमें अपने स्कीन और अपने बालों का ध्यान कैसे रखना है,सभी महिलाओं ने बड़ी शिदत्त के साथ इस ट्रेनिंग को अटेंड किया। इस कार्यक्रम में 2 महिलाओं का फेशियल करके और मेकअप करके भी दिखाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति रेवड़िया ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की और मुसीबत से कैसे जीवन में हमने आगे बढ़ना है इसकी विशेष बात रखी। श्रीमती प्रीति रिवाड़िया ने कहा की महिला अगर ठान ले तो सब कुछ कर सकती है एक महिला के हाथ में हीं पूरे परिवार का दारोमदार होता है वह चाहे तो अपने परिवार को बहुत बड़ी ऊंचाइयों में पहुंचा सकती है। समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है लेकिन उससे भी आगे और भी बहुत कुछ है करने के लिए हम जो काम अभी कर रहे हैं हमको यह नहीं सोचना है कि यही सब कुछ है बहुत कुछ हम अभी भी कर सकते हैं। इस अवसर पर 12 समाज सेवियों को सशक्त नारी सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें विमला रानी,नेहा सक्सेना,शिप्रा अधिकारी,दीपा मटेला,ममता आर्या, सरस्वती हियांकी, डा.रेखा ठाकुर,चंपा त्रिपाठी, शालू वालिया, चंपा चीलवाल, भवानी बिष्ट आदि शामिल रही। कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारी व सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही जिसमें श्रीमती राधा सुभाष,ममता नेगी, सीता देवी, दुर्गावती,कविता रावत ,सुमन तिवारी, पुष्पा, रूपा ,श्वेता, सुधा, नीरमती, पूजा, सुहानी, अंजलि, जानू, अनीता, सीमा ,रीता, सुशीला,कविता, रेखा, नीरमती,कुंती,हेमा वर्मा, सुधा आदि महिलाऐं उपस्थित रही।








# रीप परियोजना के कार्यों का किया मूल्यांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि की आईफैड सुपरवाइजरी मिशन की तीन सदस्यीय टीम द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित एवं ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के साथ अनुबंधित जनपद के दो विकास खंड जसपुर की हिमालया एवं सितारगंज की बढ़ते कदम क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा की जाने वाली मैचिंग ग्रैंड ,अल्ट्रा पुअर ,व्यक्तिगत उद्यम ,पशु सखी एवं बीज प्रसार आदि रीप परियोजना के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। जिसमें लाभार्थियों के चयन प्रक्रिया से लेकर उनको मिलने वाले लाभों के बारे में चर्चा की गई तथा संतोष व्यक्त किया गया । समूह सदस्य, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन की पदाधिकारी एवं निदेशक मंडल के सदस्यों से वार्ता की गई तथा परियोजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों के माध्यम से आजीविका संबंधी कार्यों को और विकसित करने की सलाह दी गई।



# फुलसुंगी के शिवभक्तों ने नजीमाबाद में आयोजित किया विशाल भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरिद्वार से कांवरिये अपने अपने गंतव्य स्थानों के लिए लौटने लगे हैं। जगह-जगह कांवरियों की सेवा में नजीमाबाद स्थित श्री शिवनाग देवता मंदिर में आयोजित किया। तीन दिवसीय इस भंडारे में कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान फुलसुंगी के शिवभक्तों उठा। भोले नाथ के भजनों पर झूमते नजर आये। बता दें फुलसुंगी के शिवभक्त पिछले दस वर्षों से नजीबाबाद में विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धाभाव से करते आ कि भोले नाथ के आशीर्वाद से भविष्य में भी हर वर्ष यह सेवा इसी तरह चलती रहेगी। इस दौरान श्रवण कालड़ा, अमित अरोरा, लक्की कालड़ा, हर्षित कालड़ा, शिव छाबड़ा, दीपक छाबड़ा, योगेश वाधवा, अंकित, कृष्णकांत, सचिन गुंबर, सुनील चुघ, वरुण मुंजाल, राकेश कालड़ा, जगदीश कालड़ा, सुनील कालड़ा, सुनील कन्नू गुंबर, अरुण नारंग, टीटू छाबड़ा, विशु छाबड़ा, पंकज मदान, विशाल गुंबर, रोहित गुंबर, अशोक कालड़ा, संजीव छाबड़ा, गोल्डी छाबड़ा, सोनू मुंजाल, सतीश





विशाल भंडारे लगाये गये हैं। इसी क्रम में फुलसुंगी रूद्रपुर के शिव भक्तों ने कांवरियों की सेवा में इस बार दसवां विशाल भण्डारा नगीना रोड भोनावाला, ने कांवरियों का स्वागत सत्कार करने के साथ ही उन्हें श्रद्धाभाव से जलपान और भोजन कराया। इस अवसर पर बम भोले के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहे हैं। समाजसेवी श्रवण कालड़ा ने बताया कि भंडारे में कांवरियों के जलपान भोजन से लेकर विश्राम एवं नहाने धोने की व्यवस्था भी की गयी हैं। उन्होंने कहा संजीव गुंबर, महिपाल, अर्जुन प्रधान, आयुष कालड़ा, अरुण खुराना, हैप्पी छाबड़ा, पवन मदान, नितीश खुराना, गुलशन पंडित, आशू गुंबर, रमन नारंग, गुंबर, अमित खुग्गर, अजय अनेजा, सचिन मुंजाल, जुगल रेल्हन, पंकज कटारिया, वीरू छाबड़ा, राहुल छाबड़ा, आशीष ढींगरा, अमन ठुकराल, चिराग तनेजा, मुंजाल, सोम मुंजाल, बिट्टू छाबड़ा, डॉक्टर विप्लव राय, सचिन छाबड़ा, मोहित तनेजा, सुनील लाला, मुकुल नारंग, दीपक कालड़ा, सुशील छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## अजय भट्ट को प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त

गदरपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी घोषित किए जाने पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होने वाला है और भारतीय जनता पार्टी निश्चित ही एक बार फिर सरकार बनाने जा रही है एवं उत्तराखंड में घोषित हुई तीनों सीट पर भी हम चुनाव जीत रहे हैं एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा से केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को पुनः भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ता बहुत खुश हैं और आगामी चुनाव में बढ़



-चढ़कर वह चुनाव में अपनी भागीदारी करेंगे और रिकॉर्ड वोटो से अजय भट्ट को विजय बनाकर लोकसभा में भेजेंगे। इस अवसर पर भाजपा गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, विधानसभा प्रभारी कमलेंद्र सेमवाल, विधानसभा विस्तारक खिमानंद जोशी, अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, निर्मल नारंग, नवीन खेड़ा, राजकुमार मिगलानी, सूर्यभान गुप्ता, सतीश छाबड़ा, अशोक छाबड़ा, त्रिलोक कंबोज, मनोज गिरी, परमजीत सिंह पम्मा, कपिल कुमार, अरविंद पाल, जसवीर चीमा कविता ने की कंचन सिंह रेनू गुप्ता, योति, हैप्पी चंद्रा, पूनम ग्रोवर, रेखा गुप्ता, चिंतन अरोड़ा, बकुल अरोरा, विशु अरोड़ा, जगदीश दिवाकर, हरलोक नामधारी, मिंटू रस्तोगी, कुनाल रस्तोगी, किशन गुप्ता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सीसी मार्ग का विधायक शिव ने किया लोकार्पण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने भदईपुरा क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत अंकित थापा के घर से बाबूराम के घर को जोड़ने वाले 120 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा का भदईपुरा क्षेत्र में पहुँचने पर स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र के विकास के लिये आपका विधायक सदैव प्रतिबंध हैं और हम प्राथमिकता के आधार पर लगातार रुद्रपुर क्षेत्र में विकास कार्यो को तेज गति से करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से भदईपुरा क्षेत्र के लोगो का विधानसभा चुनाव में भरपूर आशीर्वाद मिला था और जनता की उमीदो पर खरा उतरने के लिये




लगातार हर सम्भव प्रयास रुद्रपुर हित मे कर रहे हैं। विधायक ने कहा विकास कार्यो में कोई कमी नही आने दी जायेगी और समग्र क्षेत्र के विकास को पूरी प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा, प्रदेश की धामी सरकार के मार्गदर्शन में हम रुद्रपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में राजेश यादव, आशीष यादव, लल्ला यादव, सुमित यादव, प्रदीप थापा, रमेश रस्तोगी, हर स्वरूप, राजू रस्तोगी, प्रेमस्वरूप, अशोक रस्तौगी, संजय दास, अजय पाल, बाबू रस्तोगी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा साहिब की नवीन इमारत के शुभारंभ पर गुरमत समागम आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। गूलरभोज में गुरुद्वारा साहिब की लगभग 6 दशक पुरानी इमारत को नवीन रूप देकर भव्य बनाने के साथ महान गुरमत समागम एवं गुरु के लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटियाला से आए अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह के दिशा निर्देशन में गुरमत समागम के आयोजन में दूरदराज से आकर संगत द्वारा सहभागिता करते हुए नवीन गुरुद्वारा साहिब की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर अमृत प्रचार संगत के बाबा जगजीत सिंह सहजपाल सिंह के कीर्तनी जत्थे द्वारा राग आधारित




गुरबाणी कीर्तन के विभिन्न शब्दों का गायन किया गया। इस दौरान हरियाणा के असंध से आए कथावाचक ज्ञानी गुज्जर सिंह एवं करनाल से आए ज्ञानी नरेंद्र सिंह द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए गुरु के आदर्शों पर चलने, अमृत छकने, गुरबाणी पाठ करने तथा गुरुमुखी पंजाबी अक्षर ज्ञान प्राप्त करने का आह्वान किया। इस दौरान भारी संख्या में संगत द्वारा गुरबाणी कीर्तन श्रवण करने के साथ गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया गया।

## तमंचा और चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहल कदमी कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गश्त के दौरान दबोचकर तलाशी में उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मोहल्ला काली बस्ती के समीप स्थित निर्माणाधीन गेट के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहे एक युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मेहंदी का मिलाप, मोहल्ला अल्ली खां निवासी जुनैद उर्फ कुंजा पुत्र रईस बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसी तरह ढकिया गुलाबो रोड से पुलिस ने एक बदमाश को दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोहल्ला कटरा मालियान निवासी अनिल कश्यप पुत्र सुम मेहरा बताया। दोनों बदमाशों से जरूरी जानकारी जुटाना के बाद पुलिस ने उनका शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय की समक्ष पेश कर दिया।

## पदक जीतने पर कंचन को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिनों देहरादून के बहुउद्देशीय हाल, परेड ग्राउंड आयोजित हुई सीनियर राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी नानकमत्ता की कंचन बसेरा और उसके कोच किशोर सिंह को प्रमुख व्यवसायी एवं नमन इंटरप्राइजेज के निदेशक नवीन अटवाल व अन्य खेल प्रेमियों, विभिन्न संगठनों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान नवीन अटवाल ने शुभकामनाएं देते हुए किशोर सिंह ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीनियर राष्ट्रीय जुजित्सू प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारत से 25 राज्यों के लगभग 1100 खिलाड़ियों व 100 से भी ज्यादा रैफरी व ऑफिशियल्स ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तराखंड राज्य ने सातवीं बार चौम्पियन बनने का खिताब प्राप्त किया। ओर आगे कहा की जु-जित्सू मार्शल आर्ट खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा मान्यता प्राप्त खेल है। इस उपलब्धि पर जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत



खिलाड़ी कंचन बसेरा और उसके कोच किशोर सिंह को भव्य स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नानकमत्ता साहिब आयोजित हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में देहरादून के बहुउद्देशीय हाल, परेड ग्राउंड आयोजित हुई सीनियर राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और रजत पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाने पर कहा कि खेल शिक्षा का ही अभिन्न अंग है और आधुनिकता के दौर पर खेलना न केवल मनोरंजन का साधन मात्र है बल्कि आज खेलों में रोजगार की संभावना भी मौजूद है। ओर आगे कहा की कंचन बसेरा आज ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए आज आदर्श और प्रेरणा बन चुकी है, जिसने कई विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए आज यह मुकाम पाया है। दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा एवं कोच भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, जॉनी हिराम तिग्गा, पर्वतीय संस्कृति उत्थान समिति के अध्यक्ष सुरेश जोशी, मुख्य फार्मा अधिकारी हरिश्चंद्र सती, सुखदेव सिंह, प्रकाश बिष्ट, डॉ. विवेक शर्मा, विकास राठी, मुकेश उपाध्याय, राजीव राणा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, अभिषेक राजपूत, वसीम खान, यतेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, कमल सिंह, गंगा मेहरा, प्रभात डांगी सहित अनेकों खेल प्रेमियोंने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नशीले पदार्थों का कारोबार

दुनिया में सबसे अधिक खतरा अगर किसी चीज से है, तो वह है नशीले पदार्थों का कारोबार। इसी के जरिए आतंकवाद आदि का वित्तपोषण होता है। हर वर्ष लाखों नौजवान अकाल मौत मर जाते हैं। इसलिए सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि इस पर रोक लगाने में वे अधिक सतर्कता बरतें। मगर लगता है कि भारत इस कारोबार के लिए सबसे सुरक्षित जगह बनता जा रहा है। नहीं तो, क्या कारण है कि यहां थोड़े-थोड़े दिनों पर ही नशे की बड़ी खेप पकड़ी जाती है। अभी पोरबंदर के बंदरगाह से तैंतीस सौ किलो नशीले पदार्थ की खेप बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को सोमनाथ के वेरावल घाट पर बह कर आई करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की नशीले पदार्थ की खेप बरामद हुई थी। पिछले वर्ष मुंद्रा बंदरगाह पर एक पोत के औंचक निरीक्षण में करीब पंद्रह हजार करोड़ रुपए की खेप पकड़ी गई थी। इस तरह अलग-अलग जगहों से छोटी-छोटी खेपें आए दिन पकड़ी जाती हैं। निस्संदेह यह पुलिस और संबंधित नशारोधी विभागों की सक्रियता कही जा सकती है, मगर सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा। नशे की पकड़ी गई बड़ी खेपों के बारे में तो खबरें सामने आ जाती हैं, मगर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि ऐसा न जाने कितना नशीला पदार्थ निगरानी तंत्र की नजर से पार निकल जाता होगा। सवाल है कि जो स्वापक विभाग यानी नारकोटिक्स महकमा एक-दो ग्राम नशीला पदार्थ रखने वालों को गिरफ्तार कर महीनों बंद रखता है, वह इन बड़ी खेपों पर नजर रखने में विफल कैसे हो जाता है। समंदर के रास्ते नशे का कारोबार कोई छिपी बात नहीं है। यह इसलिए सुरक्षित माना जाता है कि बंदरगाहों पर उतरने वाली वस्तुओं की नियमित जांच नहीं होती। औंचक निरीक्षण में कभी-कभार ही कुछ संदिग्ध वस्तुओं और नशीले पदार्थों की पहचान हो पाती है। लगातार इतने मामले प्रकाश में आने के बावजूद यह समझना मुश्किल है कि बंदरगाहों पर निगरानी चौकस क्यों नहीं की जाती।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

## कृषि एवं पर्यावरण विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर मंथन

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के हरमिटेज में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सतत विकास के लिए कृषि, जैविक और एप्लाइड विज्ञान में वर्तमान दृष्टिकोण का सफलतापूर्वक समापन किया गया। तृतीय दिवस की शुरुआत अंतिम सत्र से हुई जिसमें कृषि एवं पर्यावरण विकास हेतु प्रोद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। सत्र के मुख्य वक्ता डा० संजय कुमार झा, सचिव, ए. ई. डी. एस. ने फसलों पर बढ़ते आपत्तिजनक खरपतवार के प्रकोप और मशरुम उत्पादन जैसे लाभदायक आयामों पर प्रकाश डाला, साथ ही समारोह में मोजूद अन्य प्रतिभागियों ने अपनी मौखिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन समारोह मै सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रो० जीत राम, डॉ० छत्रपाल, मुख्य अतिथि डा चंद्रगिरी चरेलु, डा संजय कुमार झा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हंगरी से आए प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक डा० लास्लो राडोक्स, डा० गाबोर तारकोली एवं डा० सुषना द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम मै करीब 125 प्रतिभागियों ने अपनी मौखिक प्रस्तुति दी वहीं 45 प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रस्तुति कर प्रतिभाग किया। अपने उत्कृष्ट शोध प्रदर्शन के लिए डा नंदन सिंह, डा जावेद इकबाल, डा कीर्ति नगरकोटी, डा मैत्री को सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रदर्शन, एवम् कीर्ति तनेजा, कुमारी लेपचा, कुमारी तोशिबा, श्रीमान रेहान को द्वितीय एवम् डा वेद प्रिया, डा संजय, कुमारी खिहाम को तृतीय मौखिक प्रदर्शन पुरस्कार से



सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रदर्शन के लिए कुमारी शिल्पा, कुमारी स्वाति जोशी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही श्री अनुज कुमार सिंह, कुमारी सृजना बिश्वास, कुमारी मोनिका, कुमारी चंद्रप्रभा को भी पोस्टर परदर्शन के लिए पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में देश-विदेश से शामिल हुए करीब 18 शोधार्थी, वैज्ञानिक एवं प्राध्यापको को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समापन के अन्तिम क्षणों में विशिष्ठ अतिथि डा० लासालो रेडोक्ज ने सभागार को संबोधित करते हुए समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं आयोजन कर्ता को सराहा साथ ही हंगरी में आयोजित किए जाने वाले आगामी सम्मेलनों के लिए भी स्वागत किया। काठमांडू से आए डा० संजय कुमार झा ने भी तीन दिवसीय कार्यक्रम कि सफलता एवं उसमे हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं से निकले निष्कर्षों के लिए बधाई दी। सम्मेलन के सूत्रधार एवं संचालक डाललित तिवारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी गणमान्य अतिथियों, देशभर से आए प्रतिभागियों, एग्रो एनवायरनमेंट डेवलपमेंट सोसाइटी रामपुर के अध्यक्ष डॉक्टर छत्रपाल एवम् कार्यकर्ता, समस्त कुमाऊं विश्विद्यालय परिवार के प्राध्यापक एवम् स्टाफ, मीडिया अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर बोरलॉग ,डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को भी याद किया गया । राष्ट्रगान के साथ कांफ्रेंस संपन्न हुई ।अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस में डॉक्टर वंदना नेगी ,डा. भट्ट ,डॉक्टर ईरा तिवारी ,डॉ नवीन पांडे ,दीपा राणा ,निर्मला , कवित ,इंद्र रौतेला,डॉक्टर दिव्या सिंह ,शहबाज, आरिफ सहित प्रतिभागी शामिल रहे ।

# सीएम ने आठ सहायक लेखाकारों तथा 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

## सरकार की लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया

देहरादून(डद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में पंचायती राज विभाग के 08 सहायक लेखाकारों तथा 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने चयनित कार्मिकों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियुक्ति पाने वाले लेखाकार एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्राथमिक इकाई ही नहीं बल्कि इसकी नींव है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की परेशानी, उसकी शिकायत को सरकार तक पहुंचाने और सरकार द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार खुद चल कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, उसको सशक्त बना कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रही है। हम निरंतर यह प्रयास कर रहे हैं कि विकास केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हमारे युवा अपने गांवों के उत्थान की भावना के साथ गांवों के विकास के लिए समर्पित रहेंगे, तो गांवों के विकास में कोई भी बाधा नहीं आ सकती है। उन्होंने कार्मिकों से अपील की कि आप गांवों को अपना घर समझकर कार्य करें, ताकि गांवों के विकास को पंख लग सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ कर जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य हम सभी का सामूहिक लक्ष्य है और इसे सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विधायक श्री दुर्गेश्वर लाल, अपर सचिव पंचायती राज श्री आलोक कुमार पाण्डेय, निदेशक पंचायती राज श्रीमती निधि यादव, संयुक्त निदेशक श्री आर. के. एन. त्रिपाठी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन के पदाधिकारी सीएम से मिले

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन तथा उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक



कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री शिव दुबे, महामंत्री लोकेश देवी, कोषाध्यक्ष श्रीमती कलावती चन्दोला, जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन से श्रीमती चित्रकला, श्रीमती लक्ष्मी पन्त आदि उपस्थित रहे।





# बदरीनाथ और केदारनाथ में यात्रियों को मिलेगी अस्पताल की सुविधा

देहरादनू(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा है कि चारधाम यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। इन अस्पतालों के लिए उपकरण खरीदने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है, ताकि तीर्थ यात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। साथ ही तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करा लें। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। उन्होंने बताया कि इस बार चारधाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 150 लोगों की मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। इन्हें हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉक्टरों की तैनाती 15-15 दिनों के लिए की जाएगी। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि देवभूमि में आपका स्वागत है लेकिन यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें। हार्ट और बीपी के मरीजों के साथ ही गर्भवती महिलाएं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा कर ही यात्रा करें। विभाग यात्रियों का स्वास्थ्य रिकार्ड रखेगा।

# तहसीलदार लेखपालों को दिये फसलों के सर्वे का निर्देश

## बारिश स गेंहू, सरसों की फसल चौपट

सितारगंज (उद संवाददाता)। तेज बारिश, हवा के कारण क्षेत्र के करीब 20 हजार किसानों को फसलों की क्षति पहुंची है। बारिश, हवा के कारण काश्तकारों की गेंहू, सरसों की फसलें गिर गई है। किसानों के खेतों में पानी जमा होने से उनके सड़ने की संभावना जताई जा रही है। तहसीलदार ने लेखपालों को प्रभावित फसलों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिसके बाद लेखपाल प्रभावित फसलों का सर्वे करने में जुट गये है।सितारगंज, शक्तिफार्म क्षेत्र में बारिश होने से जनजीवन अस्त्र व्यस्त हो गया। बारिश के साथ तेज हवा चलने से किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू, सरसों की फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई। कुछ स्थानों पर फसलें पूरी तरह जमीन में बिछ गई है। इस कारण किसानों को आर्थिक क्षति पहुंची है। किसान नेता जगदेव सिंह ने बताया कि बारिश से किसानों की फसलों को अत्यधिक क्षति पहुंची है। राजस्व विभाग क्षति का आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाये तहसीलदार पूजा शर्मा ने बताया कि लेखपालों को बारिश से किसानों की फसलों की क्षति के आंकलन का निर्देश दिया है। हांलाकि अभी तक क्षति की सूचना प्राप्त नही हुई है।

# जेल प्रशासन की भूमि पर अवैध खनन की शिकायत

## पुलिस ने की जांच पड़ताल शुरु

सितारगंज(उद संवाददाता)। सेंट्रल जेल एवं सम्पूर्णानंद शिविर खुली जेल की भूमि में अवैध खुदान कर उपखनिज चोरी करने के मामले में जेलर ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने अवैध खुदान के मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जेल की भूमि में अवैध खुदान को लेकर जेल प्रशासन शनिवार शाम को छापेमारी कर एक संदिग्ध को पूछताछ के लिए सेंट्रल जेल ले गया था। जिसके बाद अवैध खुदान का मामला सुर्खिया में बना हुआ है। सिडकुल स्थित एसएसबी कैम्प के पीछे कैलाश नदी में अवैध खुदान को लेकर जेल प्रशासन ने छापेमारी की थी। मौके से टीम ने दो ट्रैक्टर वाहनों को कब्जे में लिया था। इसके अलावा एक संदिग्ध को जेल प्रशासन की टीम सेंट्रल जेल में पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर आ गई। जिसके बाद ग्रामीण को बिना अपराध, आदेश के सेंट्रल जेल में बंद करने की चर्चा फैल गई। अब सेंट्रल जेल प्रशासन ने जेल की भूमि में अवैध खुदान को लेकर पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि जेलर की तरफ से अवैध खुदान के मामले में शिकायत मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

# अपहरण के आरोपी को भेजा जेल, युवती ने मांगी परिवार की सुरक्षा

## होटल में मिली थी लापता युवती: कमरा लेने के लिए भतीजी की परीक्षाएं होनी हैं बोलकर महीने भर के लिए युवक ने जमा कर दिया था एडवांस



नैनीताल। युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के साथ युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवती को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब मामले की जांच रेगुलर पुलिस करेगी।शुक्रवार शाम नैनीताल से 21 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र से 22 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को युवती को मल्लीताल स्थित एक गेस्ट हाउस से बरामद किया। राजस्व पुलिस ने शनिवार को अज्ञात के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद राजस्व पुलिस ने युवती को होटल छोड़ने के आरोपी आसिफ जलाल को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के बाद आरोपी को सीजेएम की न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हल्द्वानी जेल भेज दिया गया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी नैनीताल निवासी आसिफ जलाल पर धारा 365, 366 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। युवती को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद मामले की जांच अब राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को सौंपी जा रही है। प्रकरण में आए होने वाली जांच अब रेगुलर पुलिस ही जांच करेगी। गेस्ट हाउस में मिली युवती ने मीडिया से कहा कि साजिश के तहत तीन लोगों ने उसका अपहरण किया गया। नैनीताल में उसका सिम कार्ड तोड़कर नया सिम दिया गया। फेसबुक से आरोपी युवक से पहचान हुई थी। पढ़ाई के दौरान युवक ने उसकी मदद की थी। युवक ने उसे जॉब दिलाने का भी वादा किया था। जान के डर के कारण वह परिजन को कुछ नहीं बता सकी। उसके पूरे परिवार को युवक और उसके साथियों से खतरा है। प्रशासन से उन्हें व परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। कोर्ट में पेश होने से पहले आरोपी युवक ने मीडिया को बताया कि मार्च 2023 में परीक्षा के दौरान पहली बार युवती से उसकी मुलाकात हुई। युवती ने उससे शादी करने की बात कहते हुए गांव बुलाया और गांव का रास्ता बताया। वह एक ड्राइवर के साथ वहां पहुंच गया। युवती ने कहा था कि उसे कोई नहीं खोजेगा, उसने पूरा प्लान बनाया है। यदि सही जांच हुई तो मोबाइल में बेगुनाही के सारे सुबूत हैं। गौरतलब है कि नैनीताल से 21 किलोमीटर दूर तल्ला बगड़ में एक युवती के संदिग्ध परिस्थिति में गायब होने के बाद क्षेत्र में घंटों तक तेंदुए की दहशत का माहौल बना रहा। युवती को बाघ या तेंदुए की ओर से उठाकर ले जाने की सूचना के बाद नैनीताल से लेकर देहरादून तक अधिकारियों से लेकर प्रभारी मंत्री तक हरकत में आ गए। चौबीस घंटे तक 200 से अधिक लोग जंगलों और गधेरों की खाक छानते रहे लेकिन लापता युवती के नैनीताल के होटल में मिलने के बाद ग्रामीण ही नहीं बल्कि अधिकारी भी हैरान रह गए। बता दें कि, युवती के लापता होने के बाद उस के माता पिता की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ग्रामीणों व विभागीय अधिकारियों ने जंगली जानवर द्वारा युवती को ले जाने की संभावना जताई। लेकिन मौके पर जंगली जानवर व युवती के बीच संघर्ष के कोई भी निशान नजर नहीं आए थे। जिसके चलते मामला संदिग्ध लगने लगा था। ग्रामीणों के दबाव के चलते वन विभाग खोजबीन में जुटा रहा। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा ग्रामीण भी जंगल में खोजबीन करते रहे। शुक्रवार देर रात 12 बजे बारिश शुरू होने के बाद विभाग को सर्च अभियान रोकना पड़ा। शनिवार की सुबह साढ़े नौ बजे से बारिश के दौरान फिर टीम ने जंगल में भीगते हुए खोजबीन शुरू कर दी थी। इस दौरान शनिवार को भी सुबह से वन विभाग की नैना रेंज, कोसी रेंज, नगरपालिका रेंज व मनोरा रेंज के वन कर्मियों समेत 200 लोगों ने जंगल की खाक छानी। युवती का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद राजस्व पुलिस के साथ ही रेगुलर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। पुलिस की ओर से युवती के परिजनों व लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने युवती की नैनीताल में खोजबीन की। जहां युवती होटल में मिली। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि बगड़ गांव से लापता हुई युवती को उसका परिचित एक युवक अपनी भतीजी बताकर नैनीताल के एक होटल के कमरे में ठहराकर चला गया। युवक ने होटल प्रबंधन को बताया कि उसकी भतीजी की परीक्षाएं होनी हैं और उसे महीने भर तक कमरा चाहिए। होटल प्रबंधन की ओर से हामी भरने के बाद युवक ने एडवांस भी जमा कर दिया। पता चला है कि शुक्रवार की शाम को संबंधित युवक युवती को होटल में छोड़कर वापस लौट गया। युवती की बरामदगी के बाद भी गांव में घंटे भर तक वन कर्मी युवती की खोजबीन करते रहे। बाद में वन विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को जंगल से वापस बुलाया। युवती की बरामदगी के बाद अधिकारियों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। देर शाम तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पकड़े गए युवक के बारे में कोई भी जानकारी देने से बचते रहे। नैनीताल के समीप बगड़ गांव में युवती के लापता होने के मामला प्रभारी मंत्री रेखा आर्या तक जा पहुंचा। प्रभारी मंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी वंदना से दूरभाष पर वार्ता कर मामला राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री का कहना था कि यह घटना राजस्व क्षेत्र में घटित हुई है, ऐसे में इसे सिविल पुलिस को हस्तांतरित किया जाए और घटना के सभी पहलुओं की अतिशीघ्र जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र में वन विभाग और एसडीआरएफ की टीम गठित कर युवती की खोजबीन के भी निर्देश दे दिए थे। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि तल्ला बगड़ में जंगली जानवर उठा कर ले गया है। जिसके बाद वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी की टीम को मौके पर भेजा गया था। जहां सर्च अभियान चलाया गया था। लेकिन युवती का मोबाइल नहीं मिला। मोबाइल नंबर पुलिस की मदद से ट्रेस कर युवती की लोकेशन का पता लगाया गया। जिसके चलते युवक युवती दोनों को सुरक्षित खोज लिया गया। पूर्व में गुमशुदगी दर्ज होने के कारण फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। युवती से पूछताछ की गई है युवती फिलहाल सहमी हुई है।

# भाजपा में जाने की मच रही होड़!

## अब सीएम धामी और प्रदेश अध्यक्ष भी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जायेंगे

देहरादून। उत्तराखंड में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं का आंकड़ा 10 हजार की संख्या पार करने वाला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, चार मार्च से सीएम धामी के साथ विधानसभा के कार्यक्रमों में ये आंकड़ा और ऊपर जाएगा। जिसकी शुरुआत हारी हुई 23 सीटों से होगी। बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित ज्वाइनिंग कार्यक्रम में भट्ट ने सभी नए सदस्यों का स्वागत पार्टी का पटका पहनाकर किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस से आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए उनकी भावनाओं और सम्मान का पूरा ख्याल रखने का भरोसा दिया। साथ ही कहा, पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में विकास की बहती गंगा और इस बहाव के जन दबाव का परिणाम है कि हर दिन सैकड़ों विपक्षी कार्यकर्ता भाजपा का रुख कर रहे हैं। कहा, यही वजह है कि कुल मतों के 75 फीसदी मत हासिल करने के लक्ष्य का भरोसा और मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा, आज मोदीमय और भाजपामय माहौल का नतीजा है कि कांग्रेस समेत विपक्ष को प्रत्याशी ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं। उनके बड़े-बड़े नेताओं के इन्कार के बाद उनकी स्क्रीनिंग कमेटी को बैठक करने के लिए भी प्रत्याशियों के नाम नहीं मिल रहे हैं। यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट ने क्षेत्र से पार्टी में शामिल होने वालों को शुभकामना देते हुए कहा, आप सभी लोगों ने अपने यहां विकास को महसूस किया है। शनिवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पालिका की पूर्व सभासद शांति बिष्ट, कमली देवी, गीता देवी, संजीव कोटनाला, नरेंद्र गुसाईं, विनायक, संजीव शाह, सुमित्रा रावत, नीलम काला, संपत्ति अमोली, बन्नू भाई, हैप्पी अहमद, कृष्ण मोहन सिंह नेगी, तरुण जोशी, अतुल अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल के नाम शामिल हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया, चार मार्च से सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट विधानसभा स्तर पर अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले उन 23 विस सीटों पर कार्यक्रम होंगे,जहां पार्टी को विगत विस चुनावों में जीत नहीं मिल पाई थी। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों की जानकारी जनता से साझा करने के साथ बूथ एवं मंडल स्तर के विपक्षी पार्टी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल किया जाएगा। बताया, अब तक कई पार्टियों के 9,700 कार्यकर्ता हमारे साथ आ चुके हैं। जिनकी संख्या जल्द 10 हजार पार जानी तय है।

# नकली दवाइयां तैयार करने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। पिछले दिनों नकली दवा की फैक्ट्री पकड़े जाने के मामले में पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर की तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ड्रग इंस्पेक्टर/जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ आलोक कुमार शुक्ला ने बताया कि कुंडेश्वरी निवासी विक्रांत सिंह पुत्र महिपाल सिंह, यही के प्रशांत सागर पुत्र विजेंद्र सागर तथा मोदीनगर सेक्टर ईओडब्ल्यू मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी सत्येंद्र चौधरी पुत्र ओमप्रकाश ने कम समय में अधिक धन कमाने के मकसद से जीवन रक्षक औषधियों मे अपमिश्रण कर नकली औषधीय तैयार कर उसे बाजार में मनमाने दामों पर बेंचा करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 34/420/274/275/276 आईपीसी के अलावा 33 ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी।

## पेज एक का शेष...

**वोट के बदले नोट...**ने तब पाया कि सांसदों को अनुच्छेद 105 (2) और 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के बदले आपराधिक मुकदमे से छूट है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों और विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा, आज सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि अगर कोई सांसद राज्यसभा चुनाव में सवाल पूछने या वोट देने के लिए पैसे लेता है, तो वे अभियोजन से छूट का दावा नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वोट देने के लिए पैसे लेना या प्रश्न पूछना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देगा।

**कैबिनेट की बैठक में...**आवास नीति संशोधन नियमावली 2024। प्रति आवास इकाई का मूल्य छह लाख है। 3.50 लाख लाभार्थी वहन करते हैं। उन्हें अंशदान में कठिनाई हो रही है।लिहाजा, राज्यांश में बदलाव एक के बजाय 1.5 लाख और 50 हजार विअबलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) सरकार देगी। आवंटन की प्रक्रिया में अभी तक राजस्व, नगर निकाय व प्राधिकरण की संयुक्त टीम होती थी, लेकिन अब प्राधिकरण ही सत्यापन करेंगे। दूसरा, 6 लाख को 7 चरण में देते थे। 9 चरण में देंगे अब। 6 लाख की सीमा में ही बढ़ा है। इसके अलावा अशासकीय विद्यालयों में भर्ती की रोक हटा दी गयी है। उच्च शिक्षा में भर्ती की जो समिति बनी है, वही माध्यमिक विद्यालयों में भी भर्ती करेगी। समिति ही तय करेगी कैसे भर्ती होगी। उत्तराखंड भूतत्त्व एवं खनिकर्म विभाग के दो अधिकारियों के पदनाम में संशोधन का भी निर्णय लिया गया। चार जिलों देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधमसिंह नगर के फैमिली कोर्ट्स में चाइल्ड और जनरल काउंसेलर का एक-एक पद होगा।

**साइबर ठगी के गिरोह...**लाख रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से जमा करायी गयी । साईबर अपराधियों ने नये जारी होने वाले शेयर में अधिक मुनाफे का लालच दिया गया तथा इसमे निवेश करने पर कुछ ही दिनों मे 3 गुना मुनाफे सहित लगभग 90 लाख रुपये की धनराशि उनके डेसबोर्ड में प्रर्दशित की गयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस0टी0एफ0 ने विवेचना प्रभारी निरीक्षक साईबर क्राईम ललित मोहन जोशी को सुपुर्द की। साईबर क्राईम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों/मोबाइल नम्बर/जीमेल तथा वाट्सअप आदि के सम्बंध में सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनी, मेटा तथा गूगल कम्पनियों से डेटा प्राप्त किया । जिससे पता लगा कि साईबर अपराधियो द्वारा घटना में पीड़ित से प्री-एक्टिवेटेड दूसरे व्यक्तियों के नाम से आवंटित मोबाइल सिम कार्ड बैंक खातों का प्रयोग किया गया है तथा दिल्ली, कर्नाटक, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यो के विभिन्न बैंक खातो में धोखाधड़ी से धनराशि प्राप्त की गयी है। पुलिस टीम ने तकनीकी / डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर घटना के मास्टर मांइड व मुख्य आरोपी चन्दन कुमार यादव पुत्र स्व0 रामजीत यादव नि0 ग्राम मानिकपुर, पो0 पीरपैंती, पुलिस स्टेशन पीरपैंती, मलिकपुर दियारा जिला भागलपुर बिहार चिन्हित करते हुये उसकी तलाश शुरू की । कई स्थानों पर दबिशें दी गयी शातिर ठग अपनी लोकेशन लगातार बदल रहा था। लम्बी छानबीन के बाद आखिरकार पुलिस टीम ने वांछित चन्दन कुमार यादव को जयपुर, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से ठगी में प्रयुक्त 3 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 7 चौक बुक, पासबुक, बैंक चेक, 7 डेबिट कार्ड, विभिन्न सिम कार्ड, फर्जी मुहरें व आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि भी बरामद किये गये। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रैडिंग बिजनेस का विज्ञापन प्रसारित कर लिंक के माध्यम से वाट्सअप ग्रुप में जोड़ कर ऑनलाईन ट्रेडिंग करने तथा मोबाइल फोन में एप्लिकेशन डाउनलोड़ कर नये शेयर के जारी होने पर तीन गुना तक का मुनाफा कमाने का झांसा देकर इन्वेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही थी। धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातों में प्राप्त कर उक्त धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकाला जा रहा था। साईबर पुलिस देश भर में विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी हेतु अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क कर रही है । जाँच में प्रकाश में आया है कि आरोपी के बैंक खातों के विरुद्ध देश के कई राज्यों से साईबर अपराधों की शिकायतें दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम ललित मोहन जोशी, अपर उपनिरीक्षक सत्येन्द्र गंगोला, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार ,सुरेन्द्र सिंह सामन्त, कांस्टेबल मो0 उस्मान आदि शामिल थे।

**नजूल पर मालिकाना हक के लिए..**मीटर भूमि नि:शुल्क देने की घोषणा की गई थी। इसके लिये बाकायदा केबिनेट में प्रस्ताव भी पास किया गया। लेकिन नजूल भूमि के फ्री-होल्ड कराने की जटिल प्रक्रिया के चलते इस पर तमाम समस्याये आ रही थी। लेकिन मुख्यमंत्री श्री धामी ने हार नही मानी और उक्त पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण कराया। मुख्यमंत्री श्री धामी की इस महत्वाकांक्षी योजना को अमली जामा पहनाने के लिये जिलाधिकारी उदय राज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने नगर निगम, तहसील के अधिकारियों के साथ कालोनियों में पहुंच कर कैम्प लगवाये। प्रशासन के खर्चे पर ही पात्र लोगों के फार्म,नोटरी,सत्यापन आदि पूर्ण कराया गया। लोगों की समस्याओं का कैम्प में भी समाधान कराया गया। जिलाधिकारी की इच्छा शक्ति के चलते आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी की महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर साकार होने जा रही है। इसका श्रेय क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और मेयर रामपाल को भी जाता है। फ्रीहोल्ड कराने में जनता के समक्ष आ रही समस्याओं को भाजपा नेता प्रशासन के समक्ष रखते रहे जिसका जिलाधिकारी द्वारा त्वरित समाधान कराया गया जिसका परिणाम आज गरीब लोगों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक के रूप में सामने आ रहा है। 6 मार्च को मुख्यमंत्री गांधी पार्क में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में पट्टे वितरित करने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को जिलाधिकारी उदय राज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विधायक शिव अरोरा, हल्द्वानी के नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ निहारिका तोमर, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**तलाकशुदा की आबरू..**पति से तलाक हो गया। वह अपने बच्चों को लेकर अकेली रहती थी इसी बीच महुआखेड़ा गंज निवासी एक हाफिज उसके बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने घर आने लगा। हाफिज ने धीरे-धीरे विधवा महिला को भरोसे में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। यह बात जब विधवा के परिजनों एवं स्थानीय लोगों को पता चली तो भारी दबाव के बीच हाफिज को विधवा महिला से शादी करना पड़ा। आरोप है की महिला जब पति के संग ससुराल पहुंची तो कुछ दिन ठीक बीते इसके बाद पति के दो सगे बड़े भाइयों ने उस पर गंदी निगाह रखना शुरू कर दिया। विरोध करने पर महिला का बुरी तरह उत्पीड़न किया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि पति के बड़े भाई ने एक बार आबरू से खिलवाड़ करने को लेकर उसकी कनपटी पर तमंचा तान दिया था। खबर लिखे जाने तक पीड़िता अपने मासूम बच्चों के साथ परिचित के मकान में शरण लिए हुए हैं।

**पुलिस और अर्द्धसैनिकबलों...**पहुंचा उसके उपरांत चूड़ी साह मजार होते हुए बरेली रोड से निकलकर सुनहरी बस्ती होते हुए आवास विकास पहुंचा। यहां से फ्लैग मार्च मुख्य बाजार होते हुए कोतवाली परिसर में आकर समाप्त किया गया। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के संवेदनशील अति संवेदनशील सहित सभी क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च निकाल गया तथा अर्धसैनिक बलों को प्रत्येक लोकेशन से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि यह फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदेश देने हेतु किया गया है। विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक संवेदनशील, अति संवेदनशील समेत प्रत्येक बिंदु पर निगरानी रखकर पुलिस बल व अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की जाएगी।

**विवाहिता की मौत...**निवासी शान्तिपुरी न० 02 भरतपुर थाना पन्तनगर से की थी। विवाह में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया गया। लेकिन शादी के बाद से दामाद अरूण कम दान दहेज को लेकर पूजा को प्रताड़ित करने लगा आये दिन उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पति की प्रताड़ना से तंग आकर 2 मार्च को पूजा ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अरूण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बापू कल्याण दास जी की पुण्य स्मृति में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान





गदरपु(उद संवाददाता)। श्री ओम बापू मंदिर कल्याण नगर गदरपुर में 37वें महायज्ञ एवं संत सम्मेलन एवं बापू कल्याण दास जी की पुण्य स्मृति में महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन सुभाष बापू जी महाराज की प्रेरणा से लगाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में दर्जनों समाजसेवियों द्वारा रक्तदान किया गया। संत कल्याण दास सेवा समिति द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक बेस चिकित्सालय हल्द्वानी के चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तदान संपन्न कराया गया। इस दौरान डॉक्टर प्रतीक गौतम, डॉक्टर पूजा चौधरी, नर्सिंग ऑफिसर एम लॉरेंस, काउंसलर सरिता रावत, टेक्नीशियन दिलीप विष्ट, धर्मेंद्र सिंह, उमेश, बिशन रौतेला के अलावा संत कल्याण दास सेवा समिति के अध्यक्ष बंशीधर गुंबर, उपाध्यक्ष अशोक बांगा, महासचिव सतीश बत्रा, कोषाध्यक्ष कृष्णा अनेजा के अलावा केवल नारंग, पंडित मनोज कुमार, संदीप चावला, संजीव झाम, नमन अरोड़ा, अंकित कुमार, शैंकी दुआ, सतीश अनेजा, बलदेव छाबड़ा, बलदेव अनेजा, महेंद्र पाल, ओम प्रकाश दूमड़ा, अजय छाबड़ा, अंकुश अनेजा, बब्बू अनेजा, सुरेंद्र छाबड़ा, कमलेश गुंबर, सुनीता बांगा, बीना छाबड़ा, नीरू छाबड़ा, अनन्या, प्रीति मदान, आशिता गुंबर, दीक्षा के अलावा तमाम समाजसेवी मौजूद रहे।

## निःशुल्क होम्योपैथी शिविर आयोजित

गदरपुर। श्री ओम बापू मंदिर में 37 वें महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के दौरान डॉक्टर आशिता गुंबर द्वारा अपनी टीम के साथ होम्योपैथिक दवाओं का शिविर लगाया गया। जिसमें उनके द्वारा आए हुए रोगियों का परीक्षण करके निशुल्क होम्योपैथिक दवाओं का वितरण किया गया। आशिता गुंबर का कहना था कि उनके द्वारा समाज सेवा के रूप में अक्सर निशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों की सेवा की जाती है और निशुल्क दवाओं का वितरण किया जाता है। वही अनन्या बठला द्वारा पहली बार रक्तदान करके वार्ता के दौरान बताया कि उन्हें सुखद अनुभूति हुई कि उन्होंने पहली बार अपने रक्त का दान करके किसी जरूरतमंद की सेवा के लिए पहल की है। उन्होंने युवा पीढ़ी से भी स्वैच्छिक रक्तदान करके अपनी सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया है।

## दूसरा टी 20 मैच भी अनहद ग्रुप ने जीता

गदरपुर(उद संवाददाता)। टी-20 कार्निवाल कप का दूसरा मैच भी अनहद ग्रुप ने जीत लिया। प्रथम कार्निवाल क्लैश 23-24 का आयोजन रविवार को अमेनिटी स्कूल के ग्राउण्ड में हुआ। दूसरा डी लवली हुड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि इंड्स्ट्रीज में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ का ध्यान रखते हुए टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन एमिनिटी पब्लिक स्कूल के विशाल मैदान में किया साथ साथ इस बात की भी बहुत खुशी है कि वही इस एक दिवसीय क्रिकेट मैचों के सहयोगी के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, पान सीड्स, ओलिविया सीड्स, सीड्स ऑफ अनहद, श्री सीड्स, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के प्रोसेसमेंट हेड सत्या वीके सिंह, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के एचआर हेड जितेंद्र अधिकारी, पांच सीट्स के प्रोडक्शन हेड संपूर्णानंद प्रजापति, अनहद इंडस्ट्रीज के





मैच अनहद ग्रुप और वोल्टास के मध्य अमेनटी खेला गया जिसमें अनहद ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए तीन विकेट खोकर 196 रन बनाए। वही वोल्टास की टीम बल्लेबाजी करते हुए 69 रन पर सिमट गयी। अनहद ग्रुप ने मैच जीत लिया। अनहद इंड्रस्ट्रीज के एम गया। जिसमे रविवार को दो मैच खेले खेले गए जिसमे पहला मैच प्रातः 9 बजे से अनहद सीड्स व पान सीड्स के बीच खेला गया वही दूसरा मैच दोपहर 2 बजे से अनहद इंड्रस्ट्रीज व वोल्टाज लिमिटेड के बीच खेला गया दोनों मैच अनहद ग्रुप ने जीते। उन्होंने बताया उन्हें क्रिकेट के गुरु माँ डेंटल, गुरु माँ इंटरप्राइजेज, सहित मीडिया पार्टनर के रूप में अमर उजाला, उत्तरांचल दर्पण व उत्तराखंड का गौरव (सोशल मीडिया) अपनी सहभागिता निभाई। इस टूर्नामेंट के आयोजक के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया, एमडी राहुल हुड़िया, प्लांट हेड नरेश अरोड़ा उपस्थित रहे। अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया ने समस्त क्षेत्र वासियों को इस क्रिकेट मैच के आयोजन में पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस दौरान चंकित हुड़िया, बंटी भुड्डी, डिंपल आहूजा, नरेश सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## एसएसपी ने पुलिस लाईन के कार्यालयों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने सोमवार को पुलिस लाईन स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधीनस्थों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दिशा निर्देश भी दिये। एसएसपी ने वाचन कार्यालय, पीआरओ कार्यालय, एलआई, संचार कार्यालय,



एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग कार्यालय, एकाउंटेंट कार्यालय और पार्किंग का निरीक्षण किया। एसएसपी ने इस दौरान व्यवस्थायें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होनें कार्यालयों में साफ सफाई एवं रिकार्ड आदि व्यवस्थित रखने को कहा। पार्किंग के निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पार्किंग को दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कई अधीनस्थ अधिकारी भी थे।

## दिनेशपुर में फंदे पर लटका मिला छात्र

रूद्रपुर। दिनेशपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक घर पर पंखे के कुंडे से लटका मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। युवक बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। पुलिस के अनुसार जयनगर नंबर चार निवासी शंकर दत्त पालीवाल का बेटा जगदीश (19) शनिवार की रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह जब मां उसे जगाने कमरे में गई तो उसे फंदे पर लटका देख उनकी चीख निकल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार युवक नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## सूबेदार मेजर गणेश सिंह का निधन

खटीमा। देश के लिए तीन युद्ध लड़ने वाले चार कुमाऊं रेजिमेंट के सूबेदार मेजर गणेश सिंह (92) का शनिवार रात बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका बरेली (यूपी) स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार को बनबसा (चंपावत) स्थित श्मशान घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई। पुत्र प्रदीप सिंह ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से रुम-सकुन, पिथौरागढ़ का रहने वाला है। 70 के दशक में उनका परिवार खटीमा में आकर बस गया था। उनके पिता ने देश के लिए वर्ष 1962 में चीन और 1965 व 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध लड़े थे। वहां रंदीप पोखरिया, गंगा सिंह, श्याम सिंह, विक्रम सिंह, दीवान रावत, भुवन रावत, रोशन रावत, पित्ती देवी आदि थे।

